प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक : 07.12.2025 समय : 01:00 पी.एम.

पहला प्रवासी राजस्थानी दिवस 10 दिसम्बर को मनाया जायेगां जयपुर में इस दिन होने वाले समारोह के लिए की जा रही व्यापक तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा हैं प्रदेश में निवेश को बढावा देने और प्रवासी राजस्थानियों को एक मंच पर लाने के उद्देश्य से ये आयोजन किया जा रहा हैं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज एक वीडियो साझा करते हुए कहा कि राजस्थान में निवेश की अपार संभावनाएं हैं ये भव्य आयोजन प्रवासी राजस्थानियों की उपलब्धियों और योगदान का सम्मान करेगां इसके साथ ही विकसित राजस्थान के निर्माण में उन्हें सकिय भागीदारी का अवसर भी प्रदान करेगां

....

सरकार ने विमानन कंपनी इंडिगो को रद्द या बाधित उड़ानों के लिए यात्रियों के सभी लंबित रिफंड बिना किसी देरी के जारी करने का निर्देश दिया हैं नागर विमानन मंत्रालय ने आदेश दिया है कि ऐसी सभी उड़ानों के लिए रिफंड प्रकिया आज रात 8 बजे तक पूरी जो जानी चाहियें पिछले कुछ दिनों से इंडिगो की उड़ानें बड़ी संख्या में रद्द किए जाने के बाद यह निर्देश जारी किया गया हैं उड़ाने रद्द होने से देश भर के यात्रियों को काफी परेशानी हो रही हैं

....

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर कहा कि देश उन वीर पुरुषों और महिलाओं के प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त करता है जो अटूट साहस के साथ देश की रक्षा करते हैं एक सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री मोदी ने कहा कि सैनिकों का अनुशासन, दृढ़ संकल्प और अदम्य साहस लोगों की रक्षा करता है और राष्ट्र को मजबूत बनाता हैं उन्होंने देशवासियों को सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में योगदान देने के लिए भी प्रोत्साहित कियां
प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान ने आज सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर सैनिकों, पूर्व सैनिकों और वीर नारियों को बधाई दीं श्री चौहान ने भारत की रक्षा तैयारियों और राष्ट्रीय सुरक्षा में उनकी दृढ़ सेवा, अदम्य साहस और निरंतर योगदान की सराहना कीं इधर राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने झंडा दिवस के मौके पर सभी प्रदेशवासियों से सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए अंशदान देने का आग्रह कियां मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने आज जयपुर में सैनिकों के सम्मान में रखी गई मैराथन को रवाना कियां इस मैराथन में भारतीय सेना में कार्यरत धर्मेंद्र पूनिया ने पहला स्थान प्राप्त कियां धर्मेंद्र वर्तमान में पूणे में आर्मी इंस्टीट्यूट में प्रशिक्षण ले रहे हैं

....

राज्यपाल श्री बागडे ने गोवा में आग लगने से हुए हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया हैं उन्होंने ईश्वर से मृतकों की शांति और शोक संतप्त परिजनों को यह दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की हैं साथ ही दुर्घटना में घायलों के जल्द स्वस्थ होने की भी कामना की हैं गोवा के अरपोरा में देर रात एक नाईटक्लब में आग लगने से 25 लोगों की मृत्यु हो गई और 6 अन्य व्यक्ति झुलस गयें

....

राज्य में इंटरस्टेट टाइगर ट्रांसलोकेशन की प्रकिया जारी हैं इसके पहले चरण में मध्यप्रदेश के पेच टाइगर रिजर्व से बूंदी के रामगढ़ टाइगर रिजर्व में बाघिन लाई जायेगीं इसके लिए कोटा से गई वनकर्मियों की टीम ने बाघिन च्छ.224 को ट्रेंकुलाइज कर रेडियो कॉलर लगा दिया हैं फिलहाल इस बाघिन के लिए रामगढ़ टाइगर रिजर्व में एन्क्लोजर तैयार कर दिया गया हैं इसके साथ ही प्रेबेस के लिये पुष्कर से चीतल भी लाये गये हैं

....

प्रदेश में रात के पारे में मामूली बढोतरी हुई हैं मौसम विभाग के अनुसार बीती रात भी सीकर का फतेहपुर साढे तीन डिग्री सैल्यियस न्यूनतम तापमान के साथ सबसे सर्द रहां बीकानेर के लूणकरणसर, चूरू, दौसा, करौली, सीकर और अलवर में रात का पारा 5 से साढे 6 डिग्री सैल्सियस के बीच रिकॉर्ड हुआं आज कई स्थानों पर बादल छाये हुए है और सुबह देर तक कोहरे का असर रहां सर्दी के बढते प्रकोप को देखते हुए विभिन्न स्थानों पर रेन बसेरों की व्यवस्था की जा रही हैं वहीं मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए भी कई जतन किये जा रहे हैं भरतपुर में आयुर्वेद महाविद्यालय की ओर से आज निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया हैं

....